सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय, सहरसा Regional Office – Saharsa

क्षेत्रीय कार्यालय, कोशी चौक, वार्ड नं.12, सहरसा – 852201

Regional Office : Koshi Chowk, Ward No.- 12, Saharsa – 852201

Telephone : 06478-226050, 222452 Fax : 06478 – 223126, Gram:CENTREGION

भर्ती सूचना

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहरसा क्षेत्रान्तर्गत जिला सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया एवं बेगूसराय स्थित विभिन्न शाखा/कार्यालयों हेतु सफाई कर्मचारी सह अधीनस्थ कर्मचारी और/या अधीनस्थ कर्मचारी की भर्ती प्रक्रिया हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता :–

1. कुल रिक्ति – 23 (तेईस) सामन्य वर्ग– 12 (बारह), अन्य पिछड़ा वर्ग– 06 (छः), अ. जा 03 (तीन) अ.ज.जा.– 02 (दो) यह रिक्ति आवश्यकता अनुसार घट–बढ़ सकती है।
2. शैक्षणिक योग्यता :– न्यूनतम आठ वर्ग उत्तीर्ण। उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थी हेतु कोई रियायत अथवा दावा वर्तमान एवं भविष्य के लिये अमान्य है।
3. आयु सीमा :– 18 से 26 वर्ष (आरक्षित वर्ग हेतु छूट अ.जा.– 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग – 3 वर्ष, शारीरिक विकलांग– 10 वर्ष, तालाकशुदा/विधवा महिला– 9 वर्ष एवं भूतपूर्व सैनिक के लिये– 26 वर्ष+वास्तविक सेवाकाल+3 वर्श, अधिकतम 45 वर्ष।

आवेदन हेतु दिशा–निर्देश :–

1. आवेदन पत्र का प्रारूप बैंक के वेबसाईट www.centralbank.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. आवेदक आवेदन पत्र प्राप्त कर साफ–साफ अक्षरों में भर कर उम्र, शिक्षा, निवास एवं सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (केवल आरक्षित वर्ग हेतु) की छायाप्रति को संलग्न करते हुए केवल साधारण डाक द्वारा निम्न पते पर भेजें। नियोजनालय में पंजीकृत अभ्यर्थी कृपया नियोजन पंजीकरण कार्ड की प्रति भी संलग्न करें। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार से प्रेषित आवेदन अमान्य/अस्वीकृत माने जायेंगे।
3. आवेदक अपना आवेदन निम्न पते पर भेंजे– सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोशी चौक, वार्ड नं.– 12, सहरसा (बिहार) 852201
4. उपरोक्त पते पर आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 21.11.2012 है।
5. अधूरे भरे हुए आवेदन अथवा बिना उपरोक्त प्रमाण–पत्र संलग्न किये गये आवेदन स्वतः निरस्त समझें जायेंगे।
6. कृपया लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में 'सफाई कर्मचारी सह अधीनस्थ कर्मचारी और/या अधीनस्थ कर्मचारी वर्ग हेतु आवेदन' अंकित करें।
7. वांछित आवेदकों को बैंक द्वारा निर्धारित किये गये तिथि को साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र भेजा जायेगा। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थी के आवेदन पर भविष्य में कोई विचार नहीं किया जायेगा।
8. गैर वांछित तथा अयोग्य पाये गये आवेदकों को कोई सूचना देने के लिए बैंक बाध्य नहीं होगा। इस सन्दर्भ में बैंक द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।
9. किसी विवाद का निपटारा सहरसा न्यायालय के अधीन ही किया जायेगा।
10. साक्षात्कार के लिए चयन की प्रक्रिया का अन्तिम अधिकार बैंक का होगा।
11. भर्ती की पूर्ण जानकारी हमारे बैंक के वेबसाईट www.centralbank.co.in पर भी उपलब्ध है।

उप क्षेत्रीय प्रबंधक